॥ विद्या परम् दैवतम् ॥
ज्ञानदीप शिक्षण प्रसारक मंडळ, चंद्रपूर व्दारा संचालित
डॉ.खत्री महाविद्यालय, तुकूम, चंद्रपूर
वर्ग १२ वी गुणवंत विद्यार्थ्यांचा
गौरव समारंभ

डॉ.खत्री महाविद्यालय, तुकूम, चंद्रपूर

लोकमत समाचार

खत्री महाविद्यालय की कक्षा बारहवीं के मेधावियों को सम्मानित किया गया

सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों के साथ खत्री महाविद्यालय के प्राध्यापकगण

लोकमत समाचार सेवा

चंद्रपुर : डॉ. खत्री महाविद्यालय, तुकुम में 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह गुरुवार, 8 मई महाविद्यालय के सभागृह में आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एम. काकड़े ने की. जबकि मुख्य अतिथि संस्था की कोषाध्यक्ष अनुश्री पाराशर, जूनियर कॉलेज के विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. टी.एम. शेख, पूर्व पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. प्रो. अशोक माथनकर, जूनियर कॉलेज के परीक्षा वैजयंती तडफदार उपस्थित थे.

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कला, वाणिज्य एवं विज्ञान तीनों शाखाओं के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम की परंपरा को कायम रखते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की.

महाविद्यालय के विज्ञान संकाय का परिणाम 97.29 प्रतिशत, कला संकाय का परिणाम 90.62 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय का परिणाम 68.08 प्रतिशत रहा. उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने पर, मेधावी छात्रों को मान्यवरों के हाथों गुलदस्ता, मेडल और विभिन्न उपहारों से सम्मानित किया गया.

सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना की. उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में सभी शिक्षक नियमित कक्षाएं लेते हैं. उनकी इस सफलता में संस्था के वातावरण को शिक्षा के अनुकूल बताया. छात्रों के अभिभावकों ने कॉलेज के सहयोग की प्रशंसा की.

मुख्य अतिथि प्रा. अनुश्री पाराशर तथा प्राचार्य डॉ. जे.एम. काकड़े ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी. संचालन डॉ. माधवी पॉल ने किया. आभार प्रा. सुप्रिया सादलवार ने माना.

Apna Vidarbha
Page No. 8 May 10, 2025
Powered by: erelego.com